(13)

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– डॉ. अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 189 / 2026

रामोतार मीणा पता वीपीओ भडूण्दा खुर्द तहसील व जिला झुंझुनू पिन कोड 3332024 मो.न. 9983644723

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) झुंझुनू

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 13.05.2026

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 24.04.2026 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 189 / 2026 पर दिनांक 24.04.2026 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) झुंझुनू के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) झुंझुनू को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) झुंझुनू से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2026 / 1261–62 दिनांक 27.04.2026 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) झुंझुनू ने इस संबंध में अपना कोई जबाब / तथ्यात्मक रिपोर्ट न्यायालय हाजा में पेश नहीं की है।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित। अपीलार्थी ने वांछित सूचना नहीं मिलना बताया तथा सूचना दिलवाये जाने का निवेदन किया।
6. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) झुंझुनू द्वारा प्रस्तुत जबाब / तथ्यात्मक रिपोर्ट नहीं प्रस्तुत करने से साफ जाहिर है कि उनके द्वारा अपीलार्थी को वांछित सूचना नहीं दी गई है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) झुंझुनू को आदेशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना एक माह में निःशुल्क जरिये रजिस्टर्ड डाक से उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करावें।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 13.05.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर झुन्झुनूं
जिला कलक्टर, झुंझुनू